# अप्रैल-मई में 10 शहरों में आवासीय योजनाएं लॉन्च करेगा हाऊसिंग बोर्ड

## जयपुर, उदयपुर, बाड़मेर, कोटा, हनुमानगढ़, बारां, बूंदी, कोटपूतली-बहरोड व नीमराना में लॉटरी के माध्यम से लोगों को आवंटित किए जाएंगे स्वतंत्र आवास और फ्लैट्स

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड अप्रैल और मई में प्रदेश के 10 जिलों में आवासीय योजनाएं लॉन्च करने जा रहा है। इनमें अलग-अलग आय वर्ग के लोगों के लिए स्वतंत्र आवास के साथ ही फ्लैट्स की योजनाएं शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन करने पर लॉटरी के माध्यम से स्वतंत्र आवास और फ्लैट आवंटित किए जाएंगे।

ज्ञात रहे कि राजस्थान सरकार ने बजट 2025-26 में अलग-अलग जिलों में आवासीय योजना लॉन्च करने की घोषणा की थी। अब राजस्थान हाउसिंग बोर्ड अप्रैल और मई में जयपुर, उदयपुर, बाड़मेर, कोटा और हनुमानगढ़ जिले में अलग-अलग आय वर्गों के लिए नई आवासीय योजनाएं लॉन्च करने जा रहा है। बारां के अटरू व गजनपुरा, बूंदी के नैनवा व लाखेरी और धौलपुर में भी आवासीय योजना जल्द शुरू की जाएंगी। जैसलमेर और कोटपूतली-बहरोड में नीमराना के पास शाहजहांपुर में भी योजना की तैयारी चल रही है। इन 10 जिलों में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, मध्यम आय वर्गों व उच्च आय वर्गों के परिवारों के लिए इंडिपेंडेंट आवास और फ्लैट्स सरकार की ओर से निर्धारित दर पर मिलेंगे।



आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा

**■ इन योजनाओं में ग्रीन एरिया, जल संरक्षण पार्किंग, कम्युनिटी सेंटर्स भी होंगे : रश्मि शर्मा**

आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल ने आमजन के अपने घर के सपने को साकार करने के लिए नई योजनाएं लॉन्च करने का फैसला किया है। इन योजनाओं में आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसर, ग्रीन क्षेत्र, सामुदायिक भवन, पार्किंग और जल संरक्षण जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इससे लोगों को गुणवत्ता युक्त और बेहतरीन लाइफस्टाइल मिल सके।

### इनकम ग्रुप के अनुसार लॉटरी से आवंटन होगा

हाउसिंग बोर्ड के ये प्रोजेक्ट इनकम ग्रुप के हिसाब से बनाए गए हैं। इनमें 5 कैटेगरी ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी ए, एमआईजी बी और एचआईजी है। आवेदक अपनी सालाना आय के अनुसार इनके लिए आवेदन कर सकता है। जैसे-ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमी वीकर ग्रुप) फ्लैट के लिए आय सीमा सालाना 3 लाख रुपए तक की है। एलआईजी (लोअर इनकम ग्रुप) में यह सीमा 3 से 6 लाख रुपए है। एमआईजी (मिडिल इनकम ग्रुप) में अलग-अलग आय वर्ग की दो कैटेगरी हैं। एमआईजी ए में 6 से 12 लाख रुपए और एमआईजी बी में 12 से 18 लाख रुपए हैं। एचआईजी (हाई इनकम ग्रुप) में 18 लाख से ज्यादा आय वर्ग के लोग अप्लाई कर सकते हैं।

## यज्ञ में आहूतियां देकर लिया बेटियों की रक्षा का संकल्प

**जयपुर।** चैत्र के वासंतिक नवरात्र रविवार को कन्या पूजन और हवन के साथ संपन्न हुए। मां दुर्गा और भगवान राम के मंदिरों में यज्ञ में आहुतियां अर्पित की और बेटियों की रक्षा का संकल्प लिया। मां दुर्गा और भगवान राम के मंत्रों से विशिष्ट आहुतियां प्रदान की गई। इसी कड़ी में गायत्री परिवार के सभी प्रज्ञा केन्द्रों पर पंच कुंडीय और नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ तथा संस्कार महोत्सव के कार्यक्रम हुए।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ और किरण पथ मानसरोवर स्थित गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में नवरात्रीय अनुष्ठान की पूर्णाहुति में हजारों लोगों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा सह व्यवस्थापक और मणि शंकर चौधरी के सानिध्य में प्रारंभ में देव माता गायत्री और गुरुसत्ता का पूजन किया गया। वेदना निवारण में 8 दिन चले नवरात्र अनुष्ठान में करीब 15 लाख गायत्री मंत्र के जाप किए गए। इस मौके पर सभी प्रज्ञा केंद्रों पर दीक्षा, पुंसवन, यज्ञोपवीत, अन्नप्राशन, नामकरण सहित अन्य संस्कार भी कराए गए।

## सार-समाचार

### 615 कन्याओं को भोजन कराया



**जयपुर।** कन्या पूजन का मुख्य आयोजन उत्थान सेवा संस्थान एवं पतंजलि किसान सेवा समिति समिति के तत्वावधान में नांगल जैसा बोहरा स्थित बोहरा जी की बावड़ी परिसर में हुआ। दशम् कन्या पूजन एवं वैदिक यज्ञ महोत्सव के अंतर्गत झुग्गी बस्तियों की 615 कन्याओं का पूजन किया गया। कन्याओं का पाद प्रक्षालन कर पुष्पवर्षा की गई। भोजन प्रसादी कराकर उपहार दिए गए।, इसके पहले राजेश गुप्ता और मनु महाराज के सानिध्य में पंचकुंडीय यज्ञ किया गया। उत्थान सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित " अपनी बाल संस्कार पाठशाला" के बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने प्लास्टिक मुक्ति के नारे लिखी तख्तियां दिखाकर प्लास्टिक के उपयोग के निषेध का संदेश दिया। इस पूरे कार्यक्रम में भी प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संस्थान द्वारा संचालित अनेक प्रकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क अपनी बाल संस्कार पाठशाला में अभी 80 बच्चियां पंजीकृत हैं। उन्होंने 50 अन्य बच्चों को बढ़ाने की घोषणा की। सचिव शिवानंद त्रिपाठी ने परिसर में उपस्थित कन्याओं, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। पतंजलि अभिभावक कुलभूषण बैराठी ने कार्यक्रम की सराहना की।

### रामगंज चौपड़ पर शोभायात्रा का स्वागत



**जयपुर।** रामगंज चौपड़ पर रामनवमी पर निकलने वाली शोभा यात्रा का जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल, भाजपा नेता चंद्रमनोहर बटवाड़ा, महापौर कुसुम यादव, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव और अमरनाथ महाराज ने स्वागत किया। इस दौरान राम भक्तों का पुष्प वर्षा, माला एवं साफा पहनाकर और भगवान श्रीराम की आरती उतारकर भव्य स्वागत किया। पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि भक्तों में गजब का उल्लास रहा। रैली में भगवान राम लक्ष्मण जानकी और हनुमान सहित कई तरह की झांकियां सजाई गई। बैंड बाजे ढोल मंजीरा की धुनों पर भगवा वस्त्र एवं साफा धारण किए हाथों में भगवा झंडा लेकर युवा झूमते नाचते साथ चल रहे थे। जय श्री राम के नारों से पूरी रामगंज चौपड़ गुंजायमान थी। महिला शक्ति ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्तों को आइसक्रीम और बिस्किट का वितरण किया गया। इस दौरान पार्षद रजत विश्नोई घनश्याम टेपण पूर्व जिला अध्यक्ष संजय जैन भाजपा महिला शहर अध्यक्ष अनुराधा महेश्वरी प्रभात शर्मा उमेश शर्मा नरेश शर्मा हनुमान सैनी मुकेश यादव पिंकू शर्मा विष्णु मीणा मनीष बिवाल अक्षय यादव पवन टिक्कीवाल संजय सैनी योगेश सोनी पीयूष अग्रवाल राकेश शर्मा अभय यादव लक्षित उपस्थित रहे।

### सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में मनाया पाटोत्सव



**जयपुर।** मानसरोवर के अग्रवाल फार्म में सेक्टर-12 गुरुनानक पार्क स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को श्रीराम जन्म के परम शुभ अवसर पर विगत वर्षों की भांति ग्यारवां श्री मंदिर पाटोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने दर्शनलाभ प्राप्त किए। शाम को मंदिर समिति की ओर से करीब एक हजार श्रद्धालुओं के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं को भोजन व प्रसादी का वितरण किया गया। श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति के महासचिव सी.जे.आहूजा ने बताया कि पण्डित द्वारका प्रसाद शर्मा ने श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की। इनके साथ ही सैकड़ों की संख्या में अन्य श्रद्धालु भी मंदिर प्रांगण पहुंचे ओर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया। महासचिव आहूजा ने बताया कि श्रीराम पाटोत्सव के अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया तथा श्रीराम दरबार की झांकी सजा कर महा आरती की गई। नवरात्रा के समापन पर मंदिर के पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया एवं महिलाओं द्वारा गीत गए गए। नवरात्रों के दौरान महिला भक्तमंडल द्वारा श्री मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन एवं संकीर्तन किए गए। रविवार को रामनवमी के अवसर पर हवन के उपरांत दोपहर 12 बजे आरती की गई। दोपहर में ही महिला भक्त मंडल द्वारा भजन संकीर्तन किया गया। इसके बाद सुंदरकांड और रामायण पर आधारित धार्मिक क्विज-प्रश्नोत्तरी हुई। उसके बाद महिला एवं पुरुष भक्तमंडल के बीच दोहा और चौपाइयां आधारित अंताक्षरी हुई। इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक एम एन गोस्वामी, उपाध्यक्ष दिनेश होत्रा, कोषाध्यक्ष रमेश माथुर तथा सचिव दिनेश गुप्ता ने आये हुए श्रद्धालुओं एवं अतिथियों का स्वागत कर दर्शनलाभ में सहायता प्रदान की। शाम 7 बजे से आयोजित भण्डारे में मंदिर के नियमित सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर श्रमदान व परोसगारी सेवा में भाग लिया।

## अच्छे काम करेंगे तो अच्छा समाज भी बनेगा और ईश्वर भी प्रसन्न होगा : मुहम्मद नाज़िमुद्दीन

**जयपुर।** जमाअते इस्लामी हिन्द राजस्थान प्रदेश की ओर से ईद मिलन का कार्यक्रम मोती डूंगरी स्थिति इस्लामी सेंटर पर आयोजित किया गया।

ईसाई विचारक सुरेन्द्र पेट्रिक ने कहा कि देश की आज़ादी की लड़ाई में हर धर्म वर्ग के व्यक्ति ने अपना ख़ून दिया है। वर्तमान में फ़ैली नफ़रत में आशा नहीं खोनी है। उन्होंने कहा कि मतभेद हो सकता है लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिये। अपने स्वार्थ के लिए राष्ट्र को पीछे कर दिया गया है जबकि प्रेम से मन को मोहा जा सकता है।

कैलाश सिंह यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें नफ़रतवादियों से बचकर धार्मिक संदेश और जीवन के उद्देश्य पर ग़ौर करना चाहिए कि हम धरती पर क्यों आए हैं और हमारा कर्तव्य क्या है? समाजसेवी सुमित्रा ने कहा कि आज देश साम्प्रदायिक लोगों के हाथ में है जो नफ़रत की फ़सल तैयार कर रहे हैं, लेकिन हमें भाईचारे, लोकतंत्र और संविधान को बचाने की चिंता करनी है और सद्भाव के प्रयासों को तेज़ करना चाहिए। हमें इज़राइल द्वारा किए जा रहे नरसंहार की भर्त्सना करनी चाहिए।

एसडीपीआई के डॉ. शहाबुद्दीन ने कहा कि नफ़रत फ़ैलाने वालों का विरोध करना चाहिए तभी देश बचेगा। गायत्री परिवार की स्नेहा दीदी ने कहा कि मानवता के नाते हम ईश्वर की संतान हैं और भाई-भाई हैं हमें इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि हम इस देश के वासी हैं और इस को बचाना और इसकी तरक़्क़ी में भाग लेना हम सबका कर्तव्य है। जमिअत उलैमा हिन्द के हाफ़िज़ मन्ज़ूर अहमद ने कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता मंच द्वारा ईद के अवसर पर मुस्लिमों पर पुष्प वर्षा करके सद्भाव का प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि केवल बात करने के बजाए नफ़रत मिटाने के लिए मिलकर प्रयास करना होगा। दलित समाज के मोहनलाल बैरवा ने कहा कि साम्प्रदायिक ताकतें हमें लड़ाना चाहती हैं परन्तु हमें संयम से काम लेना होगा।

राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर विशाल जी ने कहा कि हम एक-दूसरे के बारे में ना जानने के कारण आपस में शक करते हैं जबकि मिलकर एक-दूसरे को समझने का अवसर मिलेगा और नफ़रत कम होगी व सद्भाव बढ़ेगा। राजस्थान दलित-मुस्लिम एकता मंच के महासचिव रणजीत जाटव ने कहा कि धर्म-जाति एक तरफ़ रखकर इंसानियत और देश की प्रगति व उत्थान के लिए साझा कोशिश करनी चाहिए। मिल्ली कॉउन्सिल के एडवोकेट मुजाहिद नक़वी ने कहा कि हमें अच्छे अख़लाक़ के साथ दिलों को जीतना चाहिए।

आदर्श नगर जयपुर के विधायक रफ़ीक़ ख़ान ने सभी धर्मों से आए विचारकों और धर्माचार्यों का स्वागत किया और ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने हाल ही में पास हुए वक़्फ़ संशोधन बिल की भर्त्सना करते हुए इसे अन्यायपूर्ण फ़ैसला बताकर देश को विभाजित करने का फ़ैसला बताया।




जमाअते इस्लामी हिन्द राजस्थान का ईद मिलन कार्यक्रम रविवार को आयोजित हुआ।

## कोर्ट स्टे के बावजूद तोड़फोड़ करने पर हाईकोर्ट ने मालपुरा निकाय से किया जवाब तलब

**■ मालपुरा नगर पालिका क्षेत्र में 34 बीघा 7 बिस्वा जमीन के लीज नवीनीकरण का मामला**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने यथास्थिति के आदेश के बावजूद तोड़फोड़ की कार्रवाई पर मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष और कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी से जवाब तलब किया है। अदालत ने यह आदेश मैसर्स चौधरी इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से दायर याचिका पर दिए है।

अधिवक्ता आशीष शर्मा ने बताया कि मैसर्स चौधरी इंटरनेशनल लि. ने वर्ष 2012 में खसरा संख्या 1024 की 2 बीघा 17 बिस्वा तथा खसरा संख्या 1026 की 31 बीघा 7 बिस्वा जमीन की लीज नवीनीकरण के लिए राजस्थान हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी, जिस पर अदालत ने 13 अगस्त 2012 को स्टे ऑर्डर (यथास्थिति आदेश) दिए थे। वर्ष 2019 में नगरपालिका ने इस जमीन से संबंधित नोटिस थमाया, जिस पर मैसर्स चौधरी इंटरनेशनल लि. ने अपना जवाब पेश करते हुए कोर्ट के यथास्थिति आदेश की जानकारी दे दी। इसके बाद वर्ष 2020 में नगरपालिका मालपुरा के अधिशाषी अधिकारी और अध्यक्ष भी इस मामले में कोर्ट में पक्षकार बन गए। अदालत ने कभी भी यथास्थिति आदेश नहीं हटाया, इसके बावजूद मार्च 2025 में नगरपालिका प्रशासन ने बिना कोई नोटिस दिए इस जमीन पर बने वर्षों पुराने निर्माणों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

इस प्रकरण को लेकर पीड़ित पुनः राजस्थान हाईकोर्ट अवमानना याचिका दायर कर पेश हुए और कोर्ट स्टे के बावजूद तोड़फोड़ की कार्रवाई की जानकारी दी। अब अदालत ने मामले की गंभीरता देखते हुए मालपुरा नगर पालिका की अध्यक्ष सोनिया सोनी और कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी अमित कुमार चौधरी को जवाब तलब किया है। मामले की सुनवाई पुनः 4 सप्ताह बाद होनी है।

## शिविर में 125 यूनिट रक्तदान

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर में रामनवमी, भारतीय नववर्ष स्थापना, चेटीचंड जयंती, भगवान महावीर जन्मकल्याण इत्यादि उत्सवों के उपलक्ष्य में रविवार प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इंजीनियर्स कॉलोनी के एम ब्लॉक स्थित जैन मंदिर और दादूदयाल नगर के द किड्स स्कूल में आयोजित इन शिविर में 125 यूनिट से ज्यादा रक्त एकत्र हुआ। यह जानकारी अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने दी है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में 200 से अधिक महिला-पुरुषों ने इंटर्नल हॉस्पिटल और योगलय के डॉक्टरों द्वारा एलोपैथिक और होम्योपैथी परामर्श से निशुल्क शुगर, बीपी, योग, डिप्रेशन, थाइराइड, पेट, लिवर, किडनी, जॉइंट पेन, एलर्जी जैसी बीमारियों की निःशुल्क जांच व परामर्श की सुविधा ली।

## खातीपुरा में बाजार बंद, भूख हड़ताल पर बैठे व्यापारी

### खातीपुरा-सिरसी रोड पर सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए जे.डी.ए. द्वारा की जा रही डिमार्केशन कार्रवाई को लेकर है व्यापारियों और आमजन का विरोध

जयपुर। राजधानी जयपुर में खातीपुरा-सिरसी रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा डिमार्केशन की कार्रवाई किए जाने का विरोध लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा।

खातीपुरा व्यापार मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़ ने बताया कि जे.डी.ए. प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है, ना तो व्यापारियों से बात की और ना ही आमजन से। हमने इसके विरोध में खातीपुरा का बाजार पूर्ण रूप से बंद रखा और सभी व्यापारी भूख हड़ताल पर बैठे। इस मौके पर खातीपुरा व्यापार मंडल के महामंत्री सतनारायण जोशी, पार्षद हेमेंद्र शर्मा, शांति नगर मंडल अध्यक्ष राकेश गुर्जर, संगठन मंत्री भंवर लाल चौधरी, संदीप चौपड़ा, अमित चौपड़ा और फूलचंद कुमावत समेत कई लोग मौजूद थे।

गौरतलब है कि खातीपुरा-सिरसी रोड पर झाड़खंड मोड तिराहे से 200 फीट बाइपास पुलिया तक चौडाई बढ़ाई जानी है। शनिवार को दुकानें खुलने से पहले ही जेडीए टीम डिमार्केशन के लिए पहुंच गई थी, इस पर व्यापारी विरोध में उतर आए थे। इस दौरान स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई थी।



खातीपुरा के व्यापारियों ने जेडीए कार्रवाई के विरोध में बाजार बंद रखकर भूख हड़ताल शुरू की।

## शास्त्री-आचार्य परीक्षा 7 अप्रैल से शुरू होगी

**जयपुर।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की शास्त्री और आचार्य परीक्षा 7 अप्रैल से शुरू होगी। कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने परीक्षा नियंत्रक और अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक की। परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंभु कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में 37 केंद्रों पर होने वाली परीक्षा दो पारियों में 1 मई तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को होने वाली परीक्षा को जेल प्रहरी परीक्षा के चलते स्थगित किया गया है। यह परीक्षा संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 1 मई को परीक्षा केंद्रों पर ही निर्धारित समय पर होगी। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन डाउनलोड किए जा सकते हैं। परीक्षा में निगरानी के लिए उडनदस्तों का गठन किया गया है, नकल करते पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

# '80 लाख विद्यार्थियों को मिला स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ'

## विश्व स्वास्थ्य दिवस विशेष : बच्चों की सेहत के प्रति समर्पित रहा चिकित्सा और शिक्षा विभाग

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के प्रयासों एवं शिक्षामंत्री मदन दिलावर के कुशल नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग बच्चों के समग्र विकास और उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रहा है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राज्य सरकार ने शाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियान को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया है, जिसके अंतर्गत अब तक 80 लाख से अधिक छात्र स्वास्थ्य परीक्षण से लाभान्वित हो चुके हैं। इससे उनके शैक्षिणक प्रदर्शन और जीवन स्तर में भी सुधार हुआ है।

राज्य सरकार की पहल और शिक्षा एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयासों से शुरू किए गए शाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत करीब 65 हजार से अधिक राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का शारीरिक व मानसिक सेहत का समुचित मूल्यांकन किया गया है।

शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है।



शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

### गंभीर बीमारी की निःशुल्क सर्जरी

अभियान में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उन्हें निःशुल्क चिकित्सा और शल्य चिकित्सा उपलब्ध करायी गयी है। इस प्रक्रिया में जो भी बच्चे स्वास्थ्य समस्याओं के साथ चिन्हित हुए हैं, उन्हें पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक को दिखाया गया।

बीमारी गंभीर होने की स्थिति में जिला चिकित्सा अस्पतालों और उच्च स्तरीय चिकित्सालयों में भेजा गया, जहां आयुष्मान भारत और स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की अन्य योजनाओं के तहत विद्यार्थी का निःशुल्क उपचार एवं आश्यकतानुसार शल्स चिकित्सा जैसे इलाज उपलब्ध कराया गया। उसके बाद सभी प्रकार के डेटा को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर अग्रिम कार्रवाई भेजा गया है।

विभाग रिकॉर्ड के अनुसार, प्रदेश में कटे होंठ से जुड़े 8 बच्चों की सर्जरी हो चुकी है, जबकि 28 बच्चों की शल्य चिकित्सा अभी प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार, क्लब फुट समस्या से पीडित 7, हृदय रोग के 48 और मोतियाबिंद के 10 बच्चे स्वास्थ्य लाभ ले चुके हैं जबकि क्रमशः 33, 26 व 41 बच्चों की सर्जरी प्रक्रियाधीन है।

### छात्रों का घर-घर हुआ पेपरलैस सर्वे

शिक्षा निदेशालय के समन्वय से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से सत्र 2024-25 के लिए प्रदेश के करीब 65 हजार सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले करीब 80 लाख विद्यार्थियों का पेपरलैस स्वास्थ्य परीक्षण सर्वेक्षण करने के लिए शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप डिजिटल प्रवेशोत्सव ऐप द्वारा सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया गया।

ऐप के माध्यम से 70 प्रश्नों के आधार पर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच, आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और बच्चों मे रोग की पहचान की गयी। सर्वे से वंचित विद्यार्थी होने पर स्वास्थ्य विभाग के एसीएस और शिक्षा विभाग के सचिव के मार्गदर्शन में संस्था-प्रधान की ओर से नामित शिक्षक एवं नामित महिला अध्यापिका द्वारा उक्त के घर जाकर सर्वे सम्पन्न किया गया।

### कलेक्टर ने खुद की मॉनिटरिंग

सर्जिकल आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का डेटा स्थानीय स्तर पर शिक्षा के अधिकारियों को उपलब्ध करा दिया गया है।

जिला स्तर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के तत्वावधान में ब्लॉक स्तर से जिले पर भेजे गए चिन्हित विद्यार्थियों की सर्जरी समस्त उपलब्ध चिकित्सालयों में संपन्न करायी गयी है। कार्य योजना की मॉनिटरिंग पाक्षिक रूप से जिला कलेक्टर द्वारा की गयी है।

### इनका कहना है...

"स्वस्थ छात्र ही उज्जवल भविष्य की नींव रख सकते हैं। हमारे शाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियान का उद्देश्य यही है कि हर बच्चा स्वस्थ रहे और उसकी शिक्षा बाधित न हो।"

**मदन दिलावर, शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री।**

"शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के कुशल नेतृत्व और चिकित्सा विभाग के संयोजन में आयोजित शाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत शिक्षा विभाग ने अनूठी एवं सराहनीय पहल शुरू की और प्रदेशभर में हजारों गंभीर रोगों से ग्रस्त विद्यार्थियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में सहायता दी।"

**आशीष मोदी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान**

## सभी की भागीदारी से राजस्थान को बनाएंगे निरामय : खींवसर

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रेल) की प्रदेश के सभी चिकित्साकर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। साथ ही, देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान में पूरे समर्पण से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में जुटे चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ सहित तमाम चिकित्साकर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान को याद करने का सुअवसर प्रदान करता है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के गांव-ढाणी तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। भर्तियों के माध्यम से चिकित्साकर्मियों की कमी को दूर किया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों के लिए बेहतर संसाधन तथा सुविधाएं उपलब्ध कराने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं ताकि वे अधिक मनायोग से सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकें।

खींवसर ने राज्य सरकार द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश में प्रारंभ किए जा रहे 'निरामय राजस्थान' अभियान तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सफलता में सभी चिकित्साकर्मियों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रदेश के हर नागरिक को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और स्वस्थ रखने के राज्य सरकार के संकल्प का प्रतीक है। चिकित्सा मंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस की बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी से हम राजस्थान को निश्चय ही निरामय बनाएंगे।



चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर